हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 मई 2024

04 सरपंच ने अपनी निजी भूमि में करवा लिए ...



07 ग्राम पंचायत कजलास के बिसुखेड़ी के लोगों ने ...





**खबर संक्षेप**

### मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित कर शुष्क दिवस किया घोषित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र सीहोर, बुधनी एवं इछावर में 5 मई की सांय 6 बजे से 7 मई को मतदान समाप्ति तक, इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र आष्टा में 11 मई की सांय 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक मदिरा की बिक्री प्रतिबंध करते हुये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में 4 जून को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्य भांडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने बनाए दल

**सीहोर।** अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह आयोजनों या और कहीं भी होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कंट्रोल रूम स्थापित कर हेल्पलाइन नंबर 07562221666 जारी किया है। इस नंबर पर बाल विवाह संबंधी सूचना दे सकते हैं। यही नहीं कलेक्टर ने बाल विवाह रोकने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए कार्यक्षेत्र में बाल विवाह की सूचना मिलते ही तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिंह ने सीहोर क्षेत्र में बाल विवाह रोकने के लिए एसडीएम सीहोर को दल प्रभारी बनाया है। श्यामपुर तहसीलदार, आष्टा एसडीएम, जावर तहसीलदार, इछावर एसडीएम, भैरूंदा एसडीएम तथा बुदनी एसडीएम को भी उनके क्षेत्र का दल प्रभारी बनाया है।

### जिले में नेशनल लोक अदालत 11 को

**सीहोर।** जिले में नेशनल लोक अदालत 11 मई को आयोजित की जाएगी। इसमें आपसी सहमति के आधार पर प्रकरणों का निराकरण होगा। नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय, श्रम न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत लगेगी। नेशनल लोक अदालत की तैयारियां शुरु हो गई हैं। लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना क्लेम, विद्युत चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, जलकर, भू-अर्जन, वैवाहिक सहित अन्य प्रकरणों को रखा जाएगा।

# 3 दशक से पानी, स्वास्थ्य, सड़क की समस्या से जूझ रहे दातारनगर के ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

निर्वाचन आयोग एक ओर जहां शत प्रतिशत मतदान को लेकर कवायद कर रहा है वहीं दूसरी ओर नेताओं की वादाखिलाफी से नाराज दातारनगर के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। सोमवार को गांव के पुरुष, महिला और बच्चों ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की और चुनाव में वोट न डालने का फैसला लिया। दरअसल ग्रामीण पिछले तीन दशक से सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की बाट जोह रहे हैं। उनका कहना है कि राजनीतिक दलों के नेता चुनाव में वोट की अपील करते हुए सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर जाते है, लेकिन चुनाव के बाद इस ओर पलट कर भी नहीं देखते ।

विकासखंड मुख्यालय से महज 5 किमी दूर नयापुरा पंचायत के तहत आने वाले करीब 500 की आबादी वाले गांव दातारनगर में 110 मतदाता है। लोक सभा चुनाव के ठीक एक दिन पहले ग्रामीणों ने सामूहिक रूप चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान



किया है। सोमवार को ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही मंगलवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण लंबे समय से सडक़ , पानी , स्वास्थ्य की समस्याओं से परेशान है। गांव का करीब डेढ़ किमी लंबाई का पहुंच मार्ग कच्चा और ऊबड़खाबड़ है। इस कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के मोसम में पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाता है इससे मरीजों ,



गर्भवती महिलाओं को अस्पताल एवं बच्चों को स्कूल जाना दूभर रहता है। विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि दशकों से यहां पेयजल , स्वास्थ्य , आगंनबाडी केंद्र , सड़क आदि बुनियादी सुविधाएं नहीं है। कई बार शासन , प्रशासन से गांव में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई ,लेकिन किसी ने कोई संज्ञान नहीं लिया।

**भूमि पूजन के सालों बाद भी नहीं हुआ सड़क निर्माण :** गांव के अकलेश वर्मा, गुलाब सिंह, सुरेश, संजय, श्रीपाल, संतोष वर्मा आदि ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र , शमसान घाट , पेयजल आपूर्ति , स्वास्थ्य सुविधा के कोई इंतजाम नहीं है। जिसके कारण यहां के वाशिंदों को खासी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता वोट मांगने के दौरान ग्रामीणों की मांग पर विकास का आश्वासन तो देते है, लेकिन उसके बाद मुड़कर नहीं देखते। इन लोगों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा भी पक्की सड़क निर्माण को लेकर दो बार भूमि पूजन कर चुके हैं, लेकिन करीब 8-10 साल गुजरने के बाद भी सडक पक्की नहीं बन सकी है।

**बच्चे और नवयुवक कर रहे थे नारेबाजी**

ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार का कोई मामला नहीं है, कुछ बच्चे और युवा नारेबाजी कर रहे थे। यदि गांव में स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल आदि की समस्या है तो उसे दूर करने के प्रयास किए जाएंगे।

**जमीन खान,** एसडीएम इछावर

## सामग्री वितरण स्थल पर बनाया गया अस्थाई आईसीयू अस्पताल, कलेक्टर-एसपी ने स्थल का जायजा लिया

# मतदान केंद्रों पर जोश व उत्साह के साथ पहुंच गए दल भोपाल और विदिशा लोस क्षेत्र के लिए आज होगा मतदान

मतदान सामग्री वितरण के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं एसपी मयंक अवस्थी ने सामग्री वितरण स्थल का जायजा लिया और और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर









तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र में 7 मई को मतदान होगा। भोपाल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सीहोर तथा विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी एवं इछावर में मतदान के लिए मतदान दलों को चुनाव सामग्री वितरित की गई। मतदान दल पूरे उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों की ओर रवाना हो गए हैं। मतदान सामग्री वितरण के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं एसपी मयंक अवस्थी ने सामग्री वितरण स्थल का जायजा लिया और और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भोपाल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सीहोर तथा विदिशा संसदीय क्षेत्र की इछावर विधानसभा के मतदान केन्दों के लिए मतदान सामग्री का वितरण जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज से किया गया। इसी प्रकार विदिशा संसदीय क्षेत्र की बुधनी विधानसभा के लिए एकलव्य आदर्श विद्यालय बुधनी से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। मतदान सामग्री लेकर मतदान दल वाहनों से मतदान केन्द्र की ओर रवाना हो गए हैं।

### मिनी आईसीयू अस्पताल में 56 कर्मचारियों ने कराया इलाज

जिला मुख्याल सीहोर स्थित महिला पॉलीटेक्निक कॉलेजमें मतदान सामग्री वितरण स्थल पर दो बिस्तरीय मिनी आईसीयू भी स्थापित किया गया है जिससे किसी भी मतदान कर्मी को स्वास्थ्य उपचार की आवश्यकता पड़ने पर उसे तत्काल मेडिकल हेल्प मुहैया करायी जा सकें। समाग्री वितरण के दौरान 56 कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया और दवाएं ली। सामान्यतः अधिकांश हाईबीपी एवं शुगर के मरीज थे।

### शीतल पेयजल एवं कैंटीन की व्यवस्था

सामग्री वितरण स्थल पर कर्मचारियों की सुविधा के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन सामग्री वितरण स्थल पर लगाई गई जिसमें अनेक मतदान दलों एवं अन्य निर्वाचन कर्मचारियों



अधिकारियों स्वल्पाहार किया गया। सामग्री वितरण के दौरान अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एएसपी गितेश गर्ग, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अनेक अधिकारी कर्मचारी सामग्री वितरण व्यवस्था को सुचारू संचालित करते रहे।

### क्रिटिकल और वल्नरेबल मतदान केंद्र

बुधनी विधानसभा मे 122 क्रिटिकल, 8 बल्नेजबल एवं इछावर विधानसभा में 62 क्रिटीकल, 02 वल्नेबल तथा सीहोर विधानसभा में 62 क्रिटिकल, 5 वल्नरेबल मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों में सीसीटी एवं वीडियोग्राफी कराई जाएगी। मतदान केन्द्रों में पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध रहेगा। अधिक संख्या वाले मतदाता वाले मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है ताकि मतदान सुचारू एवं तीव्र गति से चल सके और मतदाताओं को मतदान करने के लिए अधिक समय प्रतीक्षा न करना पड़े।

### विदिशा लोकसभा में 13 तथा भोपाल लोकसभा में 22 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में





**सीहोर।** तीसरे चरण के अन्तर्गत जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों में छाया, पानी तथा बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है। ताकि मतदाताओं को अपनी बारी आने के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। विदिशा संसदीय क्षेत्र में 13 अभ्यर्थी तथा भोपाल संसदीय क्षेत्र में 22 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भोपाल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सीहोर विधानसभा में 265 मतदान केन्द्र, विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी विधानसभा में 363 तथा इछावर विधानसभा में 275 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण का मतदान कराने के लिए 4500 से अधिक कर्मचारी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सीहोर तथा इछावर विधानसभा के लिए सीहोर से तथा बुधनी विधानसभा के लिए बुधनी से मतदान सामग्री का वितरण 06 मई को किया जाएगा।

**कहां कितने मतदाता :** विदिशा संसदीय क्षेत्र के बुधनी विधानसभा के 276599, इछावर विधानसभा के अन्तर्गत 226913 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया जाएगा। इसी प्रकार भोपाल लोकसभा के अन्तर्गत सीहोर विधानसभा में 223671 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया जाएगा। बुधनी में 276599 मतदाताओं में 18-19 वर्ष के 8231, और 80+ मतदाता 3818 इसी प्रकार इछावर में 226913 मतदाताओं में 18-19 वर्ष के 8032, और 80+ मतदाता 3980 मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार सीहोर विधानसभा में 223671 मतदाताओं में 18-19 वर्ष के 7334, और 80+ मतदाता 03283 मतदाता शामिल हैं।

**चुनाव में लगने वाला अमला :** जिले में तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए 4500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा 129 सेक्टर ऑफिसर/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और 129 सेक्टर पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही 16 फ्लाइंग स्क्वॉड दल बनाएं हैं।

**सुरक्षा बल :** दो केन्द्रीय कम्पनियों के 90-90, जवान, प्रदेश की एसएएफ के 583 जवान, अन्य जिले के 513 पुलिस जवान, सीहोर जिले के 587 पुलिस जवान, 284 होमगार्ड, 9:03 विशेष पुलिस अधिकारी तथा 118 एएसआई, सब इंस्पेक्टर तथा टीई मतदान सम्पन्न कराएंगे।

**मतदान दलों के लिए वाहन व्यवस्था:** विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी विधानसभा के लिए मतदान दलों एवं अन्य दलों के लिए 190 वाहन, इछावर विधानसभा के लिए मतदान एवं अन्य दलों के लिए 1241 वाहन, तथा सीहोर विधानसभा के लिए मतदान एवं अन्य दलों के लिए 118 वाहनों की व्यवस्था की गई है।

**मतदान कन्द्रों में व्यवस्थाएं :** 7 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी केन्द्रों में छाया के लिए टेंट, मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सियों, की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही पीने के लिए ठन्डे पानी उपलब्ध रहेगा।

## किसी भी दिन बाजार में दमकल की जरूरत पड़ी, तब क्या होगा?

# ये गलत है... दुकानों के आगे छांव रहे इसलिए लगाई पॉलीथिन, टैंकर भी नहीं निकल पा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

धूप से बचने दुकानों के आगे पॉलीथिन तो दुकानदारों ने लगा रखी हैं, लेकिन शायद उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं है कि कभी भी इमरजेंसी में यदि किसी बड़े वाहन को अंदर जाना हो तो उसे वहां तक पहुंचने में काफी समय लग जाएगा। क्योंकि ये पॉलीथिन दोनों तरफ से बंधी हैं। रविवार को सब्जी मंडी के पास एक पानी के टैंकर को निकालने में काफी परेशानी हुई। यहां पर पॉलीथिन की रस्सियां टैंकर से फंस रही थीं। जब बारिश का मौसम होता है या फिर गर्मी पड़ने लगती है तो दुकानदार अपनी दुकानों के सामने प्लास्टिक की पन्नियां बांध देते हैं। धूप और बारिश से बचने के लिए यह पॉलीथिन मुसीबत बनती जा रही हैं। इनके बंधे होने से नुकसान हैं।



इसके बाद भी दुकानदार लापरवाही कर रहे हैं। यदि कभी बाजार में किसी तरह घटना या दुर्घटना होती है और वहां पर एंबुलेंस या दमकल को तुरंत भेजना हो तो उसे वहां तक पहुंचने में काफी समय लग जाएगा। इससे काफी नुकसान हो सकता है गांधी रोड पर एक साड़ी की दुकान में कुछ साल पहले आग लगी थी तो उस पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया जा सका था। उस समय भी दमकल तो सूचना मिलते ही गांधी रोड पर पहुंच गई थी लेकिन अंदर नहीं जा पा रही थी। इसका कारण दुकानों के आगे बंधी पन्नियां थीं। जब तक इन पॉलीथिन को हटवाया गया और दमकल की मदद वहां पहुंची तब तक दुकान जल चुकी थी

**करना होगा सख्ती:** जिस तरह से सख्ती होना चाहिए वह नहीं हो रही है। जो भी पॉलीथिन बांधता है उस पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए ताकि फिर दूसरे दुकानदार भी इस तरह से पॉलीथिन ना बांधे। इन पॉलीथिन से एक बड़ी समस्या यह भी है कि लोगों को यह पता ही नहीं चल पाता है कि कौन सी दुकान में क्या है।

**चार पहिया वाहनों को निकलने में मुसीबत:** पॉलीथिन के बंधे होने से इन सड़कों से कोई भी चार पहिया वाहन नहीं निकल पाते हैं। इससे लोगों को समस्या होती है। दिन ही नहीं रात के समय भी यह समस्या दिखाई देती है। दुकानदार एक बार जो इस पॉलीथिन को बांधते हैं तो फिर वह महीनों लगी रहती हैं। रविवार को जब एक टैंकर यहां से गुजर रहा था तो सब्जी मंडी में पॉलीथिन की रस्सियां फंसने लगी। इससे रस्सी को ऊपर कर वाहन को निकाला जा सका।

# कारखाना अधिनियम के तहत 7 और 13 मई को श्रमिकों को अवकाश

**सीहोर।** निर्वाचन आयोग द्वारा समस्त संसदीय क्षेत्रों में आम निर्वाचन कार्यक्रम-2024 जारी किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संसदीय क्षेत्रों 19-भोपाल एवं 18-विदिशा क्षेत्र अन्तर्गत सीहोर, बुधनी एवं इछावर विधानसभा क्षेत्र में 7 और 13 मई, 2024 संसदीय क्षेत्रों 21-देवास अन्तर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदान होगा।

जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने गत दिवस लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस 7 मई और 13 मई 2024 को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाने के निर्देश दिए हैं।

इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दंड के प्रावधान है। जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने लोकसभ के आम निर्वाचन 2024 के संसदीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से जिले के समस्त कारखानों के अधिभोगीगणों प्रबंधकों तथा दुकानों, व्यवसायियों, कारोबारियों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं के नियोजक तथा प्रबंधकों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रावधान का समुचित परिपालन अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जावे।

### मतदाताओं को मतदान करने के लिए अन्य वैकल्पिक दस्तावेज

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान केन्द्र पर पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र के आलावा 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेगें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए जो 12 अन्य वेकल्पिक दस्तावेज निर्धारित किये है उनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी) फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अन्तर्गत आर जी आई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

### मोबाइल उपयोग की गाइडलाइन जारी

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किए हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में नियुक्त किए गए शासकीय सेवक ही मोबाइल का उपयोग कर सकेंगे। अधिकृत होंगे। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखना होंगे। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिए मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे।

### आईआईटीः प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**सीहोर।** आईआईटी इंदौर में पीजी प्रोग्राम एमटेक और एमएस (रिसर्च) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। साथ ही अलग-अलग विभागों में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन भी बुलाए गए हैं। गेट स्कोर के आधार पर एमटेक और एमएस में एडमिशन होंगे। खास बात यह है कि इसके लिए दो केटेगरी बनाई गई हैं। पहली केटेगरी टीचिंग असिस्टेंट और दूसरी नॉन-टीचिंग असिस्टेंट की हैं।

**मामला दीवड़िया पंचायत का : सरपंच पर पंच, उपसरपंच ने लगाए मनमानी के आरोप**

# सरपंच ने अपनी निजी भूमि में करवा लिए सरकारी बोर, ग्रामीण पानी की समस्या से हैं परेशान

प्रशासनिक अधिकारियों से इसकी शिकायत कर मामले की जांच करवाकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

पंचायत के संचालन में सरपंच द्वारा जमकर अपनी मनमानी की जा रही है। वहा पंचायत की बैठक आयोजित किए बिना ही अपनी मनमर्जी से कार्य कर रहे है। हाल ही में ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए स्वीकृत बोर भी अपने एक चहेते की निजी भूमि एवं दूसरा अपने घर के समीप स्वयं की भूमि में करवा लिए, जबकि ग्रामीण पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे है। यह आरोप दीवड़िया पंचायत के उपसरपंच, पंच और ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाएं हैं। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से इसकी शिकायत कर मामले की जांच करवाकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जनपद पंचायत के तहत आने वाली दीवड़िया पंचायत के उपसरपंच , पंच और ग्रामीणों ने सरपंच पर कई गंभीर आरोप लगाएं है। इनका कहना है कि सरपंच अजय पटेल पंचायत का संचालन अपनी मनमर्जी से कर रहे हैं। सरपंच , सचिव की मिलीभगत से न तो पंचायत की बैठक आयोजित की जा रही है , और न ही पंचायत से संबधित जानकारियां पंचो को दी जा रही है। वह पंचायत का संचालन अपने मनमानी तरीक़े से करते हुए जमकर भ्रष्टाचार कर रहे है। इससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपसरपंच सुरेश वर्मा , पंच रमेश पटेल ने बताया कि ग्रामीणों को जलसंकट से निजात दिलाने के लिए नलजल योजना के तहत तीन बोर स्वीकृत किए गये थे।



**इछावर।** पंचायत कार्यालय में उपसरपंच, पंच एवं ग्रामीण सरपंच सचिव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए

रविवार को बोर खनन के लिए जब बोरवेल मशीन गांव पहुंची तो सरपंच अजय पटेल ने एक बोर अपने चहेते व्यक्ति की निजी भूमि एवं दूसरा बोर अपने घर के समीप स्वयं की भूमि में करवा लिया । पंच और ग्रामीणों के विरोध के बावजूद सरपंच ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## अधिकारियों से की शिकायत

घटना के बाद उपसरपंच , पंच और ग्रामीणों ने पंचायत कार्यालय पहुंचकर सरपंच ने खिलाफ नारेबाजी की साथ ही मामले की शिकायत जपं सीईओ , पीएचई विभाग के अधिकारियों से करते हुए मामले की जांच कराने एवं आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## खनन पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

पंचों और ग्रामीणों ने बोर खनन पर भी सवाल उठाएं है । दरअसल उनका कहना है कि लोक सभा निर्वाचन को लेकर क्षेत्र में अभी आदर्श आचार संहिता लागू है , इस बीच बिना निर्वाचन आयोग की परमीशन के बोर खनन कैसे हो सकता है ? दूसरी सवाल पीएचई विभाग द्वारा नलजल योजना के अंतर्गत खनन 8 इंच का कराया जाता है जबकि उक्त बोर खनन छह इंच के कराएं गए हैं। लोगों को अशंका है कि सरपंच उक्त बोर में हैंडपंप डालकर अपने निजी स्तर पर इसका उपयोग करेंगे।



**इछावर।** निजी भूमि पर बोर करते हुए सरपंच

**निराधार है आरोप**

रामीणों को पानी की आपूर्ति के लिए दो हैंडपंप और एक बोर खनन स्वीकृत कराएं गये थे , तीनों ही खनन सरकारी भूमि में ही कराएं गए हैं। कुछ लोगों द्वारा झूठी और निराधार शिकायत की गई है।

**अजय पटेल,** सरपंच ग्राम पंचायत दीवड़िया

# सेन समाज ने भव्यता के साथ मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस वर्ष भी सेन समाज द्वारा उनके अराध्य देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 724 वी जयंती सेन धर्मशाला में भव्यता के साथ मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की गई। सामाजिक बन्धुओं द्वारा सेन जी महाराज के जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये एवं समाज के उत्थान के लिये संगठित रहने की बात की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संत मोहितराम जी पाठक, राठौर समाज के अध्यक्ष सतीष राठौर, सर्व सेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन, युवा सेन समाज के अध्यक्ष कामोद सेन, प्रदेश सेन समाज के महामंत्री एल.एस.सेन, महेश बगवईया, मनोज सेन, धर्मेन्द्र सेन, महिला सेन समाज अध्यक्ष सविता सेन एवं सामाजिक बन्धु युवा साथी, महिला संगठन, समाजसेवी हेमलता राठौर एवं अन्य महिला संगठन भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सर्व सेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन, पं.मोहितराम पाठक ने दिनांक 7 मई 2024 को मतदान दिवस में सामाजिक बन्धुओं से अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में अपने मत का उपयोग करने की अपील की एवं सेन धर्मशाला से सेन मोहल्ला, हनुमान जी के मंदिर तक चल समारोह निकाला गया।

जगह-जगह अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा समाज का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अंत में कार्यक्रम का आभार विश्वास बगवईया द्वारा व्यक्त किया गया। अंत में सभी स्वजातीय बन्धु एवं आमंत्रित सामाजिक बन्धु सहभोज में शामिल हुए।

# रंगारंग रंगोलियों से सजे पोलिंग बूथ दीदीयों ने लगाई हाथों पर मेहंदी

**भैरूंदा।** सीहोर जिले के भैरूंदा स्वीप अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहो की दीदीयो ने ग्राम स्तर और बुथ स्तर पर स्वीप गतिविधि जैसे बुथ चले अभियान,नारी शक्ति वंदन, मानव श्रंख्ला व प्रभात फेरी, किसान संगोष्ठि, आदि मे रेली, घर घर सम्पर्क, पीले चावल से निमंत्रण समूह/संगठन की बैठक, पम्पलेट वितरण और दीवार लेखन आदि माध्यमो से कार्यक्रम बढ चड कर भाग लिया है, इसी स्वीप अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम रंगोली, मेहंदी एवं पोषण जागरूकता का है।

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीवका मिशन जिला सीहोर अंतर्गत आने वाला विकास खण्ड भैरूंदा मे शामिल विभिन्न ग्रामो के पोलिंग बुथो पर आजीविका स्वयं सहायता समूहो की दीदीयो के द्वारा रंगा रंग विभिन्न प्रकार की चित्रकारी और कलाकृतियो की विभिन्न रंगो से रंगोलियां बनाकर पोलिंग बुथो को सजाया गया । मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकास खण्ड भैरूंदा अंतर्गत गठित संकुल स्तरीय संघ, उन्नति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संघ संकुल भैरूंदा प्रगति महिला आजीविका संकुल संघ चकल्दी आजीविका संकुल स्तरीय संघ संकुल पिपलानी के विभिन्न आजीविका ग्राम संगठनो मे शामिल आजीविका स्वयं सहायता समूहो की दीदीयो ने पोलिंग बुथ पर रंगोली मेंहंदी और पोषण जागरूकता कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेकर पोलिंग बुथो पर रंगोली बनाई गई वही घर घर जाकर मेहंदी कोन से दीदीयो के हाथ मे मेहंदी से मतदान संबंधी संदेश लिखा गया और आने वाली मतदान साथ मई को सुबह से ही पालिंग बुथ पर जाकर मतदान करने का निवेदन किया गया। आयोजित रंगोली मेहंदी और पोषण जागरूकता कार्यक्रम मे विकासखंड के ग्राम पंचायत सीगॉव, ससली, छिपानेर, इटावा कला, नयापुरा सिहंपुर गोपालपुर, डोभा, भादाकुई, खनपुरा सोसायटी, श्यामपुर, रमगढा, दिगवाड, नन्दगाँव, बचगाँव, चकलदी, सुनेड, सीलकंठ, सहित आदि ग्रामो मे पोलिंग बुथो पर रंगोली बनाई गई। इस दौरान ग्रामो मे आजीविका मिशन के विकास खण्ड प्रबंधक नरेन्द्र यादव, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक ,हरिनारायण मालवीय, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक नितिन धुर्वे, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक , रीता अहिरवार और सहायक विकास खण्ड प्रबंधक अनन गौरे सहित पोलिंग बुथ अवेरनेंस ग्रुप के सदस्य भी उनके उनके पोलिंग बुथ पर मौजूद रहे।




# 12वीं तक छात्र सीखेंगे एआई पर स्वयं सिद्ध होम लर्निंग प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी स्कूलों का बोर्ड और बोर्ड पैटर्न परीक्षा का रिजल्ट अच्छा रहे इसके लिए इस बार एआई पर आधारित स्वयं सिद्ध होम लर्निंग प्रोग्राम पर जोर दिया जा रहा है। यह प्रोग्राम लॉन्च तो 2021 में कर दिया गया था, लेकिन अब तक इसमें विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन कम हुए और जितना लाभ विद्यार्थियों को लेना चाहिए था वह नहीं ले पाए। इसलिए अब इस पर नए सिरे से काम किया जा रहा है। विद्यार्थियों के ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन किस तरह से कराया जाए इसके लिए प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी भी तय की जा रही है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा विद्यार्थियों के लिए डिजिटल होम लर्निंग शुरू करने के लिए 2021 स्वयं सिद्ध होम लर्निंग प्रोग्राम लॉन्च किया गया था। ताकि स्कूल के विद्यार्थी जो कक्षा में नहीं जा पाए या फिर अतिरिक्त कक्ष में नहीं जा पाए हैं वह घर पर इस डिजिटल माध्यम से अपने सवालों के जवाब खोज पाएं। या फिर स्कूल में हुई पढ़ाई का रिवीजन कर सकें।

**रजिस्टर्ड करने की प्रक्रिया शुरू होगी :** एक इस एप में वीडियो लाइब्रेरी, मैथ्स प्रैक्टिस, वर्ल्ड हट स्पेलिंग जैसे कई ऑप्शन थे। इस प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों का स्कूल में सीखे गए कोर्स का रिवीजन करने के लिए एक डिजिटल मंच उपलब्ध कराना था। चैटबॉट के माध्यम से साप्ताहिक मूल्यांकन की व्यवस्था भी थी। हल किए गए प्रश्नों के सही उत्तर यह विद्यार्थी को उपलब्ध कराता था। इसके साथ ही अभ्यास के लिए प्रश्न भी साप्ताहिक उपलब्ध कराता है। एआई आधारित चैटबॉट है। इस पर कक्षा एक से 12वीं तक की विद्यार्थियों के लिए साप्ताहिक अभ्यास प्रश्न पत्र तथा अध्ययन सामग्री दी जाती है। लोक शिक्षण और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्वयं सिद्ध होम लर्निंग प्रोग्राम में अभी बच्चों के रजिस्ट्रेशन कम हो रहे हैं। यह विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है इसलिए अब नए सिरे से इस प्रोग्राम में विद्यार्थियों को रजिस्टर्ड करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# भैरूंदा में हो शत प्रतिशत मतदान : एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी



**भैरूंदा।** सीहोर जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा लगातार जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के भैरुंदा में भी पत्रकार एवं प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने की पहल की गई। इसके लिए कार्ड भी छपवाए गए। इस दौरान पत्रकार एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जागरूकता रैली निकाली एवं दुकानों, घरों में जाकर मतदाताओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया एवं उन्हें कार्ड देकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया। इससे पहले पत्रकार एवं अधिकारियों ने दुर्गा मंदिर पहुंचकर सबसे पहला कार्ड मातारानी के चरणों में अर्पित किया। इसके बाद रैली निकाली। रैली की शुरूआत दुर्गा मंदिर चौराहे से जेपी मार्केट, गुड़ बाजार, मामा कालोनी से होते हुए वापसी दुर्गा मंदिर चौराहे पर पहुंची। इस दौरान मतदान को लेकर विभिन्न स्लोगन भी पढ़े गए।

**9 बजे से ओपीडी का समय, 10 बजे तक भी नहीं पहुंचते हैं डॉक्टर, मरीज होते हैं परेशान**

# भैरूंदा के सिविल अस्पताल में मनमानी का आलम डॉक्टर घरों में देखकर मरीजों से वसूल रहे हैं फीस




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा स्थित भैरूंदा का सिविल अस्पताल इस समय यहां के जिम्मेदार एवं डॉक्टरों की मनमानी का केंद्र बना हुआ है। भैरूंदा सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहता है, लेकिन 10 बजे तक यहां पर ज्यादातर डॉक्टर नदारद रहते हैं। खासकर महिला डॉक्टरों द्वारा लगातार ऐसा किया जा रहा है। डॉक्टरों द्वारा ओपीडी समय में घर पर मरीजों को देखकर उनसे फीस भी वसूली जा रही है। कई बार यह मामला विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, लेकिन अब तक इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। डॉक्टरों ने सिविल अस्पताल भैरूंदा को अपनी जागीर बना लिया है। मनमाने तरीके से वे अस्पताल को संचालित कर रहे हैं। ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## लगातार चर्चाओं में है सिविल अस्पताल

सीहोर जिले का भैरूंदा स्थित सिविल अस्पताल हमेशा अपनी कारगुजारियों को लेकर चर्चाओं में रहता है। यहां पर आए दिन मरीजों के साथ बदसलूकी की जाती है तो वहीं उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिलता है। डॉक्टरों द्वारा ओपीडी समय में मरीजों को घर पर देखा जाता है और उनसे फीस भी वसूली जाती है। इतना ही नहीं मरीजों को अस्पताल से मिलने वाली निःशुल्क दवाएं भी डॉक्टरों द्वारा बाजार से खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। यह स्थिति यहां पर लंबे समय से बनी हुई है। इस संबंध में कई बार ध्यान वरिष्ठ अधिकारियों की तरफ आकर्षित कराया गया है, लेकिन फिर भी मनमानी का आलम लगातार बना हुआ है। बुधनी विधानसभा के सिविल अस्पताल भैरूंदा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से करोड़ों रूपए की लागत से बिल्डिंग का कार्य कराया गया है। यहां पर मरीजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिले, इसके लिए सिटी स्केन मशीन सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध गईं हैं, लेकिन स्थिति यह है कि एक माह से अधिक समय से यहां पर सिटी स्केन की मशीन बंद पड़ी हुई है।

## नहीं दी जाती एक्स रे की फिल्म-

यहां पर मरीजों के लिए एक्स-रे मशीन भी लगी हुई है, लेकिन एक्स-रे मशीन से एक्स-रे करने के बाद उन्हें फिल्म नहीं दी जाती है। सादे पेपर पर प्रिंटआउट निकालकर दिया जाता है या फिर उन्हें अपने मोबाइल से फोटो खींचना पड़ता है। इस संबंध में जब जिम्मेदारों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि फोटोकापी से काम चल जाता है तो क्यों फिजूल खर्ची करें, जबकि भैरूंदा सिविल अस्पताल में जमकर यहां के जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्टाचार करके पलीता लगाया जा रहा है। उस समय उन्हें ये फिजूलखर्ची नजर नहीं आ रही है।

कार्रवाई

**डॉक्टरों की उपलब्धता**

भैरूंदा के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की उपलब्धता पर्याप्त है। यदि इसके बाद भी इस तरह की स्थिति बनी हुई है तो यह उचित नहीं है। बीएमओ की जिम्मेदारी है कि वह डॉक्टरों के समय को देखे। यदि ऐसी स्थिति है तो मैं दिखवाता हूं।

**डॉ. सुधीर डेहरिया,** सीएमएचओ, सीहोर

**नाम परिवर्तन**

मैं **Hemlata w/o Anil varma** (**Rank** सुबेदार सेना नंबर **JC-423749K**) ग्राम लसूड़िया परिहार जिला तह. सीहोर 466001 की पत्नी हूं। मैं घोषणा करती हूं कि मेरे पति की सेवा रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश **Kanika Verma** लिखा गया है। जबकि सही नाम **Kanika Varma** है। उसी आधार के लिए मैं शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं। कृपया ध्यान दें।

**आवश्यकता है**

एम.आर.सी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन श्यामपुर सीहोर म.प्र. बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्व कोर्स कोड 28 के तहत चार वर्षीय पाठयक्रम (बी.ए बी.एड) एवं (बीए.बी.एस.सी) के अध्यापन हेतू निम्न पदो पर आवेदन आमंत्रित है।

| क्र. | पदनाम | विषय | पद संख्या | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव | वाछनीय | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक | कला समूह/ इतिहास/ भूगोल राजनीति/अर्थशास्त्र में एवं हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में | 06 | शिक्षा क्षेत्र में M.ED Ph.d/Net/Slet Qualified संबंधित विषय में कम से कम 55 प्रतिशत के साथ स्नात्कोत्तर उपाधि | Ph.d/Net/Slet Qualified | |
| 2. | प्राध्यापक (HOD) | कला समूह/ इतिहास भूगोल/ राजनीति/ अर्थशास्त्र । | 01 | M.ED Ph.d/Net/Slet Qualified | Ph.d/Net/Slet Qualified | 08 वर्ष |
| 3. | व्याख्याता | मनोविज्ञान दर्शन शास्त्र में स्नातकोत्तर 55 प्रतिशत अंको के साथ | 03 | मनोविज्ञान दर्शन शास्त्र में स्नातकोत्तर 55 प्रतिशत अंको के साथ | | |
| 4. | व्याख्याता | समाज शास्त्र/ इतिहास / अर्थशास्त्र/ भुगोल | 04 | स्नातकोत्तर 55 प्रतिशत अंको के साथ Ph.d | | |
| 5. | व्याख्याता | रसायन विज्ञान/गणित /भौतिकी विज्ञान /वनस्पति विज्ञान | 04 | स्नातकोत्तर 55 प्रतिशत अंको के साथ Ph.d | | |

आवेदन 15 दिवस के अंदर महाविद्यालय में प्रस्तुत करें। मो.न. 9893901567,9713438412, 9713643066

### ग्राम जूनापानी में एलइडी टीवी के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सुने प्रवचन

# मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना ही है: संत रामपाल महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चाचौड़ा

रविवार को जिले की चाचौड़ा तहसील के ग्राम जूनापानी में एकदिवसीय सत्संग का आयोजन हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एलइडी टीवी के माध्यम से महाराज जी के आध्यात्मिक तत्वज्ञान को सुना। धर्म और आध्यात्मिकता के प्रति उनकी अद्भुत शिक्षाओं के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज जी ने जन- जन को आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया। सत्संग में संत रामपाल जी महाराज ने भगवान की प्राप्ति के मार्ग का विवरण दिया और आध्यात्मिक ज्ञान को साझा किया और बताया कि मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना ही है। सत्संग को सुनने आए लोगों में आत्मात्मिक सुधार की इच्छा और आध्यात्मिक उत्थान की भावना देखी गई। आज के इस आधुनिक युग में मानव का जीवन माया के चक्कर में इतना लिप्त हो गया है कि सही और गलत की दिशा भूल चुका है और इस दिशा को सही कैसे करें यह सत्संगों के माध्यम से बताया जाता है कि मानव जीवन अनमोल है। संत रामपाल महाराज ने सत्संग के द्वारा मानव समाज में फैली बुराइयों जैसे नशाखोरी, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या एवं रिश्वतखोरी आदि को दूर कर एक स्वच्छ समाज का निर्माण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज में व्याप्त दहेज प्रथा को मिटाने तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए सत्संग रूपी अमृतमय वाणी के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया। सत्संग में उपस्थित सेवादार करण दास, मुकेश दास, गणपत दास, लखन दास, जगदीश दास सेवादार मौजूद रहे।

## विशाल कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्त सोमवार से शुरू होगी श्रीराम कथा



**नईसराय।** तहसील मुख्यालय स्थित झिरिया सरकार धाम मंदिर पर सोमवार से शुरू होने वाली श्री राम कथा की रविवार सुबह 9 बजे से विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो अस्तल मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए यात्रा में महिलाएं एवं लड़कियां अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी इसके साथ ही मंगलगीत गाए जा रही थी पुरुष एवं बच्चे डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे कथावाचक व्यास मनोज शास्त्री भी बग्गी पर सवार थे उनका नगर के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा हाट बाजार,मेंन मार्केट,बस स्टैंड, पावर हाउस, जैन मंदिर गली होते हुए झिरिया सरकार मंदिर पर पहुंची जहां पर कलशो ब रामायण की पूजा अर्चना की गई श्री राम कथा का समय दोपहर 2 से 5 तक रखा गया है समिति द्वारा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में श्री राम कथा का वचन सुनने का आग्रह किया है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर, जेल भेजा गया

**नईसराय।** पुलिस ने शनिवार को बाइक सहित एक चोर को गिरफ्तार किया है बताया जाता है कि चोर ने उक्त बाइक दो दिन पहले चुराई थी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों नईसराय सहित अशोकनगर क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की कुछ घटनाएं सामने आई थी नई सराय पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में अपना सूचना तंत्र मजबूत किया इसी दौरान सामने आया कि डुंगासरा निवासी बंटी पुत्र मीनू कुशवाहा के पास एक बाइक देखी गई है पुलिस ने बंटी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि यह बाइक दो दिन पहले नई सराय थाना क्षेत्र से ही चुराई है थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है !

### महिला ने गले में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या की

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत शक्कोबाई पत्नी सुजान आदिवासी 45 साल निवासी माधव नगर चंदेरी ने घोसियो की तलैया की पहाडी के उपर दरगाह के पास स्वंय ने साडी से गले मे फंदा लगा लिया जो इसी स्थिति मे पाई गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अशोकनगर कोतवाली में जीतू पटवारी के विरुद्ध इमरती देवी पर अभद्र टिप्पणी करने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत शीला जाटव पुत्री रामलाल जाटव उम्र 38 साल निवासी डीसी गैस कालोनी गुना रोड अशोकनगर ने इमरती देवी पर की गई टिप्पणी के विरोध मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ कोतवाली मे एफआईआर दर्ज कराई है। शीला जाटव द्वारा एक लिखित आवेदन सिटी कोतवाली पुलिस को सौंपा गया था। यह एफआईआर तब दर्ज हुई है। जब जीतू पटवारी रविवार को अशोकनगर के दौरे पर रहे। दिए गए आवेदन पर से पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ इमरती देवी के उपर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर एवं जातिगत अपमान किए जाने के बाद एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**ब्यावरा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज फोटो सहित, पासपोर्ट, पासबुक फोटो सहित बैंक डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र केन्द्र राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है। मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी मार्गदर्शन के लिए उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटोयुक्त ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान अधिकारी को दिखाना होगा।

### सेन समाज ने मनाई सेन महाराज की 724 वीं जयंती

**सारंगपुर।** सेन समाज द्वारा स्थानीय श्री सत्यनारायण मंदिर में रविवार को सत्य और अहिंसा के पुजारी सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन महाराज की 724वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। वहीं भगवान का पूजन आरती कर प्रसाद वितरण के साथ समाजजन की खुशहाली के लिए भी भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर दिनेश चौहान, राधेश्याम चौहान, अखिलेश चौहान, संतोष चौहान, सुनील चौहान, यशवंत चौहान, नाना चौहान, अरविंद चौहान, शांतनु चौहान सहित कई महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत सिविल अस्पताल सारंगपुर में समाजसेवी जुगल चौहान के नेतृत्व में समाज जनों द्वारा मरीजों को फल फ्रूट वितरण किया।

### धनगर समाज ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

# प्रशासनिक अमले की समझाइश के बाद माने ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वर्तमान में हर एक समाज अपने लोगों के उत्थान और जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार नजर आ रहा है। इनमें से वर्षों से उपेक्षा का शिकार धनगर समाज ने भी लोसचुनाव के अवसर पर अपनी आवाज बुंलद कर सत्ताधारियों एवं विपक्षी नेताओं के पास अपनी मांगों को पहुंचाने का बिड़ा उठाया है। सारंगपुर, राजगढ़ सहित प्रदेशभर में धनगर जाति एवं उसकी उपजातियों की राजनीतिक दलों के द्वारा हो रही उपेक्षा को लेकर समाज ने विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के बैनर तले जनप्रतिनिधियों एवं दोनो ही पार्टियों के जिलाध्यक्षों को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन देने का अभियान चलाया गया है, ताकि इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों के द्वारा समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए।

सारंगपुर में धनगर समाज के सामाजिक कार्यकर्ता सुनील धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि राजगढ़ सहित प्रदेश भर में जिला मुख्यालय पर संगठन के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकरियों के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपे हैं। हमारी मांग है कि प्रदेश में धनगर जाति अपनी उपजातियां पाल, बघेल, गायरी, गाडरी, गडरिया, भारूड, गाडरी, मझारी, श्रीपाल, हटकर, हाटकर कुरुमार, कुरुमा, दरिया घोसी, गवाला एवं महाराष्ट्रीयन धनगर के रूप में निवासरत हैं। धनगर ने कहा कि प्रदेश में समाज की लगभग 80 लाख आबादी है और 230 विधानसभा सीटों पर समाज के लगभग 50 लाख मतदाता हैं। विधानसभा में 150 सीटों व लोकसभा में 29 सीटों में से 19 सीटों पर समाज के वोट निर्णायक भूमिका में होते हैं। देश प्रदेश की राजनीति में वोटर के रूप में निर्णायक भूमिका में होने के बावजूद लोकसभा, विधानसभा, राज्यसभा में समाज को कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है।



समाज के प्रतिनिधि पूर्व में भी इस आशय की जानकारी को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद समाज व उसकी उपजातियों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। धनगर ने बताया कि समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से समाज कई कठिनाइयों से जूझ रहा है। अब ऐसा महसूस होने लगा है की प्रदेश की 80 लाख आबादी में से एक भी व्यक्ति नहीं, जिसे किसी तरह से नेतृत्व प्रदान किया जा सके। समाजजन की राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं देकर बहुसंख्यक समाज की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसे लेकर धनगर समाज उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्षों के नाम ज्ञापन सौंपकर रखा है अपना पक्ष सुनील धनगर सारंगपुर ने बताया कि धनगर समाज की लगातार हो रही उपेक्षा को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में राजगढ सहित समाजजनों ने इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, भिण्ड, शिवपुरी, सतना, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, बैतुल, शाजापुर, रायसेन, राजगढ़, बड़वानी, खरगोन, अशोक नगर, निवाड़ी, नीमच, सीहोर, मऊगंज, सिंगरोली सहित प्रदेश के सभी जिलो मे पार्टी जिला अध्यक्ष के माध्यम से भाजपा-कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्षों के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना पक्ष रखा। उम्मीद है कि सुनवाई होगी, नहीं तो समाज को अपनी हक की लड़ाई के लिए आगे कड़े कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

## सारंगपुर थाने में तीन तलाक का मामला दर्ज

**सारंगपुर।** नगर के बारीखेल क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकार संरक्षण अधिनियम-2019 की धारा-4 के तहत केस पंजीबद्ध किया है। पति ने महिला को तीन बार तलाक बोला और ससुराल वालों ने भी दहेज के लिए प्रताड़ित किया। मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है।




पुलिस के अनुसार पीड़िता निवासी तलेन हाल निवास वार्ड-12 बारीखेल सारंगपुर की शिकायत पर वसीम पिता शफीक अंसारी, शफीक सर्व निवासी तलेन और अजीज पिता मजीद अंसारी निवासी रिंगरोड थाना खजराना इंदौर की रिपोर्ट लिखवाई गई है। फरियादिया को उसके पति, ससुर और उसके साथी ने गालियां दी। मारपीट कर जान से मारने की धमकी। साथ ही तीन बार तलाक... तलाक... तलाक... बोला। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची और रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया है।

## महिला मंडल ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वावधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम के जन्म उत्सव के चलते रविवार को पूर्व पार्षद हर्षा पालीवाल के मुख्य अतिथ्य व महिला मंडल अध्यक्ष शिखा शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर गांधी चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे वरिष्ठ शिक्षिका रेखा तिवारी विशेष अतिथि के रुप मे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन छाया जोशी ने किया तथा आभार गीता शर्मा ने माना। कार्यक्रम के दौरान थाली साजाओ, रंगोली, मेंहदी, फायरलेस कुकिंग, तात्कालिक भाषण, दुल्हन सजाओ,महिला वर्ग भजन, बालक‍ बालिका वर्ग दोहो व मंत्रो की अंताक्षरी सहित कई रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## माचलपुर में सेन समाज ने धूमधाम से मनाई सेन जयंती

**माचलपुर।** माचलपुर सहित आसपास गांवों के सेन समाज द्वारा सेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में नगर के चाठा कुंडी बालाजी मंदिर से बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। उल्लेखनीय है कि 13 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में सेन जी महाराज का जन्म बांधवगढ़ में हुआ था जिसे अब रीवा के नाम से जाना जाता है।सेन जी महाराज का वास्तविक नाम नंदा था। गुरू रामानंद जी से दीक्षा लेकर सेन जी महाराज वैराग्य की ओर झुक गए। उन्होंने साधु संतों की सेवा के साथ प्रवचन के माध्यम से लोगों में भक्ति भाव और ज्ञान जागृत किया गया। भगवान विष्णु के उपासक सेन महाराज की भक्ति और वैराग्य के कारण ही सेन समाज सेन जी महाराज की जयंती मनाते हैं। इसी अवसर पर माचलपुर में निकली सेन महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा में महिलाओं द्वारा सिर पर मंगल कलश धारण किए गए। शोभायात्रा में बैंड पर बजे भजनों पर महिलाएं और पुरुष उत्साह के साथ जमकर नाचे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पहुंची जहां एकत्रित समाज के सभी महिला पुरूषों द्वारा सामूहिक भोज भी किया गया। सेन जंयती पर निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में माचलपुर एवं आसपास के समाज के महिला पुरूष शामिल हुए।

## संत सेन महाराज का अभिषेक पूजन कर मनाई जयंती

### सेन महाराज मंदिर पर हुआ आयोजन समाजजनों ने की खुशहाली की कामना

**ब्यावरा।** संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में इस बार समाजजनों ने सेन मंदिर पर ही कार्यक्रम किया। इस अवसर पर समाजजनों ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज का अभिषेक किया। इसके बाद विधिवत रूप से उनकी पूजन की। सेन समाज के आराध्य संत सेन जी महाराज से सभी ने पूजा अर्चना कर देश प्रदेश में खुशहाली की कामना की। गौरतलब है कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती सेन समाज हर वर्ष हर्षोल्लास से मनाती है। इस बार चुनावी दौर के कारण इस बार समाजजनों ने सेन मंदिर पर ही सादा आयोजन किया।



इस दिन जहां सेन समाज के कई लोग सेन मंदिर इंदौर नाका पहुंचे और यहां संत सेन महाराज का विशेष रूप से श्रंगार किया। साथ ही समाजजनों ने पंचामृत से विधिवत रूप से अभिषेक भी किया। इसके बाद मंगल आरती की गई। पूजन हवन के बाद महाप्रसादी का वितरण भी किया गया। इस वासर पर स्थानीय सेन समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक अमले के पहुंचने पर ग्रामीण माने, एक हैंडपंप के सहारे पूरा गांव

# ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार, आश्वासन के बाद माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आज भी कई गांवों में मूलभूत समस्या को लेकर लोगा परेशान हैं। ऐसे अनेक गांवों में जहां विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान गांव वाले अपनी मूलभूत समस्या को लेकर चुनाव का बहिष्कार करते हैं और इसके बाद प्रशासन का अमला या नेता उस गांव में पहुंचकर उन्हें समझा देता है कि आपके गांव का संपूर्ण विकास की जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन ऐसा होता नहीं है।

ऐसा ही एक मामला सारंगपुर विधानसभा के गांव खेरचाखेड़ी में देखने को मिला। शनिवार को गांव के जागरूक लोग चुनाव के बहिष्कार की सूचना देने के लिए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपने गांव की समस्या मीड़िया को बताई। ग्रामीणों की समस्या पर मीडियाकर्मी उनके गांव पहुंचे और गांव वालों से बात की। ग्रामीणों ने बताया कि खेती एवं पीने के पानी के लिए कोई साधन नहीं हैं। एक हैंडपंप के भरोसे हैं। इतना ही नहीं गांव के खेतों के लिए कुंडालिया डैम से पानी की सुविधा होनी थी वह भी नहीं हुई, जबकि सभी जगह खेती के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है।

ग्रामीणों ने अपनी मुख्य समस्या बताते हुए कहा कि हमारी मुख्य चार मांगे हैं। पहली गांव के खेतों में पानी के लिए पाइप लाइन डालें, दूसरी मांग स्कूल भवन नया बने और स्कूल का पंजीकरण हो जो छठी से लेकर दसवीं तक स्कूल बने। तीसरी मांग गांव से सीधा सड़क मार्ग लीमाचौहान के लिए जोड़ा जाए। चौथी मांग गांव में दो हैंडपम्प लगाए जाएं। इन चार मांगों को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि जब तक कोई अधिकारी लिखित में नहीं देगा तब तक हम लोकसभा चुनाव में वोट नहीं करेंगे। इसकी सूचना हम प्रशासनिक अधिकारी को दे चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 1000 से ज्यादा की जनसंख्या हमारे गांव में है और हमारे बच्चों को कक्षा छठी सातवीं आठवीं नौवीं दसवीं में पढ़ने के लिए कोई साधन नहीं है। पांचवी तक स्कूल है और वह स्कूल भी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इस स्कूल को मतदान केंद्र भी बनाया गया है स्कूल की छत प्रतिदिन कहीं न कही से गिर रही है। ऐसे में चुनाव के दौरान अगर कोई हादसा होता है तो कौन जिम्मेदार होगा। इसलिए गांव वालों ने ग्रुप से प्रण किया है कि जब तक कोई अधिकारी लिखित आश्वासन नहीं देगा तब तक लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि हमें लिखित आश्वासन चाहिए तभी मतदान की सोचेंगे। जैसे ही उक्त जानकारी प्रशासन को लगी प्रशासनिक अमला भी गांव जा पहुंचा।




### सूचना मिलने पर प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा

*ग्राम खेरचाखेड़ी के ग्रामीणों द्वारा गांव के विकास को लेकर लगातार मांग कर रहे थे। उनकी मांग को शासन प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा था इस कारण ग्रामीणों ने एक मत होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का संकल्प लिया और लिखित में अधिकारियों को सूचना दी। मीडिया को भी बहिष्कार के बारे में बताया। सूचना के बाद रविवार को प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा तथा लिखित आश्वासन ग्रामीणों को दिया तब जाकर ग्रामीण माने और बहिष्कार का संकल्प वापिस लिया। इस दौरान तहसीलदार मनोज शर्मा ,एसडीओ संजय अग्रवाल, बीएल वर्मा बीएओ सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को आश्वासन दिया की आपकी विभिन्न मांगे ऊपर पहुंचाई जा रही है तब जाकर ग्रामीण माने।*

**इनका कहना है...**

*ग्रामीणों ने चार प्रमुख मांगें बताई गई थीं जिनको लिखित में लिया गया। ग्रामीणों को सभी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया गया।*

**मनोज शर्मा,** *तहसीलदार सारंगपुर।*

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने की कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी से अपील

**सीहोर।** जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि बताया कि उनके द्वारा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की एक शिकायत अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीहोर को दिनांक 26 अप्रैल को की गई थी, जिससे संबंधित ज्ञापन तहसीलदार सीहोर को सौंपा गया था। मामले के अनुसार लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी होने के बावजूद सीहोर नपाध्यक्ष और भाजपा सीहोर नगर मंडल अध्यक्ष विकास राठौर प्रिंस और भाजपा नेता नीरज जाटव ने 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर गंज स्थित बाबा साहब अम्बेडकर पार्क पर बैनर और पोस्टर लगाकर अपना प्रचार प्रसार करते हुए गलत तरीके से मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया था, जो कि स्पष्ट रूप से आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है । जब मैं इस बात की शिकायत करने तहसील कार्यालय पहुंचा तो वहां मौजूद तहसीलदार भारत नायक ने मेरा आवेदन लेने के पश्चात संबंधित भाजपा नेताओं से सवाल जवाब करने के स्थान पर मुझसे ही सवाल जवाब शुरू कर दिए । तहसीलदार ने कहा कि आप इतने दिनों बाद ये शिकायत लेकर क्यों आए हो, जिस पर मैने कहा कि आप देरी के आधार पर किसी को न्याय से वंचित नहीं कर सकते और ये तो आचार संहिता के उल्लंघन का मामला है । पंकज शर्मा ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम खत्म होने के बाद या शिकायत होने के बाद बैनर और पोस्टर उस जगह से हटा लिए जाते हैं। तहसीलदार ने उनके द्वारा उपलब्ध फोटो पर तारीख ना होने की बात कही गई थी। तारीख डले हुए फोटो उपलब्ध कराए जा रहे हैं, इन फोटो से यह साबित होता है कि हल्का पटवारी ने गलत पंचनामा बनाया है जो कि कानूनन बहुत बड़ा अपराध है।

वाहन चालकों से टोल राशि वसूलने के बाद भी नहीं मिल रहीं सुविधाएं

# अमलाहा टोल के हालात: ठंडे पानी तक की नहीं है व्यवस्था, शौचालय में गंदगी

भीषण गर्मी के दौर में टोल पर वाहन चालकों को ठंडा पानी तक नहीं मिलता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन( एमपी आरडीसी) ग्रामअमलाहा के पास बना टोल पर धन तो भरपूर वसूलते है, लेकिन इन पर यात्रियों को मुफ्त मिलने वाली सुविधा नही मिलती , यात्रियों द्वारा बताया गया की जो सुविधा कागजों में उपलब्ध है, लेकिन हकीकत में मौजूद नही है, अमलाहा टोल प्लाजा पर यात्री मूलभूत सुविधाएं से वंचित है।

### नहीं है ठंडे पानी पीने की व्यवस्था, अन्य सुविधाओं का भी रहता है अभाव

टोल प्लाजा पर हर दिन लाखों का टोल वसूला जाता है, धन तो खूब बटोर रहे टोल प्लाजा पर पर सुविधा दूर हैं, यहां ना तो ठंडा पानी पीने की व्यवस्था है और शौचालय तो है पर स्वच्छता का ध्यान नहीं देते,बदबू, गंदगी और मक्खी भिन्न भिन्नाती रहती है। यात्रियों से टोल लेने की बदले टोल प्लाजा प्रबंधन को सुविधा उपलब्ध करानी रहती है पर सुविधा तो दूर-दूर तक नजर नहीं आती। मई के महीने में गर्मी अपने रूद्र रूप में है जिस में सबसे ज्यादा आवश्यकता ठंडे पानी की पड़ती है,यात्री पीने के पानी भी खरीद कर पीने पडता है ,पर यहां के लापरवाह जिम्मेदारों की वजह से इस तरह से यात्रियों को सुविधा नही मिलती है। जैसे सरकारी हो या प्राइवेट सबको कमीशन की बीमारी? एक और पूरे भारत में स्वच्छता अभियान चल रहा है पर टोल प्लाजा के शौचालय में बदबू एवं गंदगी और मक्खी भिन-भिनाती रहती है, साफ सफाई का अभाव है ,इनको तो धन वसूलने की याद रहती है सुविधा देना भी उचित नहीं समझते हैं। टोल बूथ पर मूलभूत सुविधा होनी चाहिए पर ऐसा फिलहाल अमलाहा टोल टैक्स प्लाजा पर कहीं नजर नहीं आ रहा है, कुंभकरण की नींद सो रहे हैं जिम्मेदार?

### हाईवे पर यात्रियों के वाहन खराब होने पर भी मिलनी चाहिए यह सुविधा

अगर यात्रा के दौरान वाहन में कोई खराबी आ जाए, या रुक जाए तो नेशनल हाईवे की एक हेल्पलाइन तुरंत मदद करती है, टोल टैक्स के बदले टोल पर्ची पर लिखे नंबर पर फ़ोन लगाने पर सुविधा मिलती है, वह शिक़ायत करने पर वाहन में कोई खराब है पंचर है तो मैकेनिक को लेकर आने की सुविधा तो मुफ्त है लेकिन आप का वाहन में जो खराबी है, उसका चार्ज मैकेनिक वसूल करेगा। आपकी गाड़ी में अगर पेट्रोल खत्म हो जाता है या पंचर हो जाता है तो उसकी भी सुविधा टोल प्लाजा के नंबरों से ली जा सकती है पर अमलाहा टोल के प्लाजा पर से निकलने वाले यात्री द्वारा बताया गया कि नही मिलती है ऐसी सुविधा अभी तक किसी को नहीं मिली अगर वाहन खराब या हादसा हो जाता है तो वाहन को क्रेन या टो वाहन से उठाकर निकटवर्ती सर्विस सेंटर तक पहुंचा दिया जाना चाहिए, पर अमलाहा टोल पर तो ना तो टो वाहन है ना ही क्रेन है वाहन चालक हाईवे पर कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं और दूसरे हादसों को निमंत्रण भी देते हैं? अक्सर इंदौर भोपाल राजमार्ग पर हादसें होते ही रहते हैं और राजमार्ग पर सही तरीके से संकेत चिन्ह भी नहीं लगे होने से हादसे के शिकार हो जाते हैं। कई एसीबी मूलभूत सुविधाएं नदारत है जो टोल प्लाजा पर होनी चाहिए। वही आए दिन इंदौर भोपाल राजमार्ग डेंजर जोन बन गया है,शायद ही कोई सा ऐसा दिन हो जिस दिन कोई बड़ा हादसा ना हुआ हो? विगत कुछ दिनों पहले कोठरी में वी आई टी मैं पढ़ने वाले तीन छात्र भी हादसे का शिकार हो गए।


**कोठरी।** पानी की जगह पर बना दिया चार्जिंग प्वाइंट।

### यह है गाइडलाइन

टोल प्लाजा पर रेस्ट रूम बैन होना चाहिए। आरो प्लांट लगा होना चाहिए, जिससे वाहन चालकों को ठंडा पानी मिल सके। शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए और संकेतक लगे होना चाहिए। 50 मीटर के अंतराल में एंबुलेंस व क्रेन होनी चाहिए। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए। पेट्रोलिंग वाहन होना चाहिए। क्रेन और टो वाहन होना चाहिए ताकि कोई हादसा होने पर जल्द ही रोड से वाहन अलग कर सके। और भी ऐसी कई सुविधाएं होती हैं जो टोल टैक्स पर होनी चाहिए पर अक्सर नदारत रहती हैं क्योंकि धन वसूली तो भरपूर होती है टोल प्लाजा पर मूलभूत सुविधाएं नदारत रहती हैं। अमलाहा टोल मैनेजर दिनेश पाटील का कहना है कि मैं वर्जन नहीं दे सकता हूं। मुझे आगे से परमिशन नही है कुछ कहने की

### अमलाहा टोल मैनेजर बताएंगे

जब इस मामले को लेकर यूसी पांडे से बात की गई तो उनका कहना है कि अमलाहा टोल के मैनेजर बताएंगे। वह क्या सुविधा है और क्या नही है। जब क्रेन के बारे में पूछा गया तो उनका कहना है कि जब कोई हादसा होता है तो हम क्रेन किराए पर बुलवाते हैं।

**टोल पर है सारी सुविधाएं**

अमलाहा टोल पर हम वाहन चालकों के लिए सारी सुविधाएं महिया करवाते हैं आप पुष्टि के लिए आकर देख सकते हैं।

**अजय मिश्रा,** टोल प्लाजा इंचार्ज

# ग्राम पंचायत कजलास के बिसुखेडी के लोगों ने किया चुनाव का बहिष्कार

मुलभूत सुविधाओं से वंचित गांव के लोग



**जावर।** ग्रामीण बोले काम नहीं तो वोट नहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सीहोर जिले आष्टा जनपद पंचायत के ग्राम कजलास पंचायत के ग्राम बिसुखेड़ी के लोगो ने किया चुनाव का बहिस्कार लोकसभा चुनाव होने जा रहे है उसी को देखते हुवे उन्होंने कहा की काम नहीं तो वोट नहीं, सीहोर जिले की अंतिम सीमा पर बसा यह गांव यहाँ के लोग अपनी मुलभुत सुविधाओं से वंचित है ग्रामीणो ने बताया की हमारे यहाँ पानी की समस्या है शमशान की समस्या है बिजली की समस्या है ऐसी बहुत सारी समस्या है जो की हमारे गांव को अभी तक नहीं मिली है ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर बताया की क्या हम मनुष्य नहीं है क्या जो हम अपनी मुलभुत सुविधाओं से वंचित रहते है सभी समाज के लोगो ने एकत्रित होकर चुनाव का बहिस्कार किया।

साथ ही अभिषेक ठाकुर ने बताया की हम पहले भी चुनाव का बहिस्कार पहले भी कर चुके है अभी तक हमारे गांव मे कोई समस्या का हल नहीं हुवा है अगर अब समस्या का हल नहीं होता है तो गांव का एक भी व्यक्ति वोट डालने नहीं जाएगा गांव के लोग अभिषेक ठाकुर, सेलेन सिंह झाला, लोकेंन, संदीप राजपूत, खुशाल राजपूत , विशाल ठाकुर, राहुल पोलाया, अजय पोलया, संजू सोलंकी, दीपक परमार, भूपेन परमार,अंकित ठाकुर, संदीप ठाकुर, सुरेन राजपूत,दीपक ठाकुर एवं गांव के लोग ने मिलकर बहिष्कार किया।

## नल-जल योजना को लेकर दो पक्षों में विवाद, थाने में मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पार्वती थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम लोरास में नल जल योजना के अंतर्गत पाइप निकलने की बात को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। विवाद के बाद पुलिस ने दोनों ओर से प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया। पुलिस ने बताया कि फरियादी समंदर मेवाड़ा पिता चैनसिंह निवासी हीरापुर लोरास को आरोपी विजय शिवम कपिल ने गाली गलौच कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं फरियादी विजय उर्फ राजा की रिपोर्ट पर आरोपी समंदर मधु विनोद आदि लोगो के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी।

## जादूगर ग्रुप ने शीतल प्याऊ का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बढ़ती हुई गर्मी और गर्मी मैं आमजन के हालात को समझते हुए जादूगर ग्रुप आष्टा द्वारा अपने किए गए समस्त सामाजिक कार्यों में एक और मोती जोड़ते हुए आज ग्रुप के द्वारा शीतल जल की प्याऊ का उद्घाटन कन्नौद रोड स्थित बजाज शो रूम के पास किया गया। प्याऊ का उद्घाटन नगर के वरिष्ठ समाजसेवी दादा दयालु कैलाश सोनी जय श्री ज्वेलर्स, बैंक ऑफ़ बड़ोदा मैनेजर निरंजन सर द्वारा किया गया। प्याऊ पर पूरी गर्मी भर शीतल जल की व्यवस्था रहेगी, जादूगर ग्रुप द्वारा पूरे समय प्याऊ की देखरेख और पानी की व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर ग्रुप के पंकज राठी, राहुल जैन( नवकार), रोहित राठौर, गोरी शंकर राठौर, संतोष जायसवाल, आलोक वोहरा, सुमित मेहता, तिलोक जैन, दुर्गेश ठाकुर, डॉ योगेंद्र ठाकुर, बंटी जायसवाल, अवनीश पिपलोदिया, पंकज नाकोड़ा, विजय खंडेलवाल मनीष जैन, नीलेश खंडेलवाल, पुष्पेंद्र मालू, आनंद खंडेलवाल, कुलदीप कोचर, सुशिल पांचाल, विजय टेलर, बसंत जैन, बसंत पाठक, शैलू साहू, विजेंद्र ठाकुर, पवन वर्मा, शैलू मेहता, कमल ठाकुर, प्रदीप राठौर, लखन राठौर, अक्षय जैन, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सूरज सिंह पटेल, आशीष सोनी पांचम, संजय रांका उपस्थित थे।

## विद्यालय की छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी


शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी का परीक्षा परिणाम विगत सत्र की तुलना में हायर सेकेंड्री का 76प्रतिशत जो की 19प्रतिशत अधिक व हाई स्कूल का 72प्रतिशत जो की 13प्रतिशत अधिक रहा जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर सीहोर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत आष्टा द्वारा परीक्षा परिणाम की सराहना की। जिसमें शाला की प्राचार्य एमेलडा तिर्की द्वारा बताया गया कि विगत सत्र की तुलना में परीक्षा परिणाम बड़ा है जिसमे हमारे शिक्षको ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे शाला में छात्राओं ने कला व विज्ञान संकाय में बाजी मारी हायर सेकेंड्री परीक्षा में विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम में रसायन शास्त्र व गणित का परीक्षा परिणाम सतप्रतिशत रहा वहीं 12वीं में रुचिका गंदेरिया/मोहनलाल के 85.4प्रतिशत स्नेहा/ जयराम प्रजापति के 73.4प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा कला समूह में वर्षा/कुमेर सिंह के 82.6 प्रतिशत राधा/भैरू सिंह के 82.2 प्रतिशत वहीं कृषि संकाय में छात्रों ने बाजी मारी जिसमें संदीप/चंदरसिंह एवं जसपाल/गजराज सिंह द्वारा कक्षा में सर्वाधिक अंक हासिल किए अधिकांश छात्र/छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में स्थान हंसिल किया।हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष से तैराह प्रतिसत अधिक रहा जिसमें जानकी देवी सिंह 86.4प्रतिशत, करुणा/जगदीश के 73प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इस लिए प्राचार्य ने अध्यापन कार्य की सराहना की। विद्यालय के अंतर्गत हॉस्टल में अध्यनरत छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी विगत सत्र से उत्कृष्ट वही कक्षा छटवी से आठवीं तक का परिणाम सतप्रतिशत रहा ओर राष्टीय मैरिट कम मिन्स परीक्षा में चार छात्राओं का चयन हूवा। जिसमें प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकों को बधाई प्रेषित की गई एवं सभी से अपेक्षा की कि आने वाले सत्र में ओर अच्छा अध्यापन करा कर और बेहतर परीक्षा परिणाम देंगे। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पाने वाले विद्यार्थियों का शाला परिवार की ओर से स्वागत किया गया एवं मिठाई खिलाई गई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।प्राचार्य द्वारा सभी से अपील की गई की आगामी लोकसभा निर्वाचन में सतप्रतिशत मतदान करने हेतु सभी मतदाताओं को जागरूक करें। एंव खुद भी अपने मताधिकार का उपयोग करें।

### मतदाताओं से कलेक्टर और एसपी ने की मतदान करने की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं एसपी मयंक अवस्थी ने जिले के समस्त मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदान कर देश के विकास में सहभागी बनने की अपील की है। उन्होंने अपील में कहा कि सभी मतदाता बिना किसी प्रलोभन के स्व-विवेक से 07 मई को अपने मतदान केन्द्र में पहुंचकर मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने जिले के मतदाताओं से कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान कर जिलें को नंबर वन बनाएं। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि अपना एवं अपने पड़ोस तथा मोहल्ले के मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदाता के महत्व को बताते हुए प्रेरित करें कि अपने मतदान केन्द्र जाकर मतदान अवश्यक करें।

## नदी को बचाने की पहल, कोई नहाते या कपड़े धोते मिला तो लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर की पार्वती नदी में पार्वती पुल और शंकर मंदिर तट के समीप छलांग लगाकर नहाने और कपड़े धोने वालों पर नगर पालिका सख्त हो गई है। अब नपा कर्मचारी खुद निगरानी करेंगे। यदि कोई कोई ऐसा करते मिला तो 500 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। यही नहीं निगरानी करने में किसी भी जिम्मेदार कर्मचारी की लापरवाही सामने आई तो उसका एक दिन का वेतन कटेगा।

नपा की तरफ से लोगों को सूचना देने के लिए सोमवार को शंकर के समीप दो बड़े बोर्ड भी लगाएं जाएंगे। बोर्ड बनाने का नपा की तरफ से आर्डर दे दिया गया है। शहर की जलापूर्ति करने वाली पार्वती नदी में पानी समाप्त होने के बाद इस बार फरवरी से अब तक दो बार रामपुरा डैम से पानी छुड़वाया गया है। इससे नदी मई के महीने में भी लबालब है। इस पानी को नपा फिल्टर प्लांट में फिल्टर कर सप्लाई करती है। इसके बावजूद लोग नदी में नहाकर और कपड़े धोकर पानी को दूषित करते हैं। कुछ दिन पहले ही एक व्यक्ति की नदी में नहाते समय डूबने से मौत हुई थी। इस घटना से नपा हरकत में आई है। सुरक्षा की दृष्टि से शंकर मंदिर के समीप जल्द ही बोर्ड लगाने के साथ ही नपा कर्मचारियों को निगरानी करने निर्देशित किया है।

### नदी में नहाने के दौरान हुए हादसे

शंकर मंदिर तट के समीप 28 अप्रैल 2024 को नहाते समय डूबने से नागूसिंह नाम के व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके पहले हरदा जिले के चारना निवासी अरशान (21) पिता सलीम खां आष्टा में रहकर मैकेनिक का काम करता था। 28 सितंबर 2023 को वह पार्वती बैराज पर नहाने गया था। नदी में पानी अधिक होने से अरशान नहाते समय डूब गया था।

### नदी में नहाने और कपड़े धोने पर लगेगा जुर्माना

राजेश कुमार सक्सेना, सीएमओ नगर पालिका आष्टा ने बताया कि नदी में नहाने और कपड़े धोने वालों से अब 500 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। नपा के कर्मचारी खुद निगरानी करेंगे। यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही मिली तो उसका एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

स्वयं सहायता समूह के माध्यम से चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

# नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम: शत प्रतिशत मतदान करने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड सीहोर द्वारा स्वीप गतिविधि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विकासखंड सीहोर में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत 9 सीएलएफ दुर्गावती आजीविका संकुल स्तरीय संघ सीहोर, महाराणा प्रताप आजीविका संकुल स्तरीय संघ बरखेड़ी, एकता आजीविका संकुल स्तरीय संघ बिलकिसगंज, भगत सिंह आजीविका संकुल स्तरीय संघ नापलाखेड़ी सावित्रीबाई फुले आजीविका संकुल स्तरीय संघ अहमदपुर, रानी लक्ष्मीबाई आजीविका संकुल स्तरीय संघ श्यामपुर, शिव शक्ति आजीविका संकुल स्तरीय संघ चरनाल चंद्रशेखर आजाद आजविका संकुल स्तरीय संघ थुनाकला, वीर शिवाजी आजीवीका संकुल स्तरीय संघ दौराहा के ग्रामों में आम बैठक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता के लिए शपथ मोमबती रैली, मेहंदी वोटर पर्ची, पीले चावल के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, स्वीप अभियान लगातार चल रहा है, इस अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए एक और अंगूठी पहल की गई है, जिसमें सीआरपी के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ ली गई एवं ग्राम में भी मतदान करने के लिए घर-घर जाकर मतदान की जानकारी दी गई, नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत समूह सदस्यों के द्वारा निम्न गतिविधि की गई वोटिंग प्रतिशत बढने पर चर्चा सभी दीदीयो द्वारा निष्पादित वोटिंग के लिए मतदाता शपथ ली गई प्रत्येक दीदी द्वारा ग्राम के सभी ग्रामों को बूथ तक लाने की जिम्मेदारी ली गई स्वीप अभियान के अंतर्गत विकासखंड प्रबंधक जे एस गोयल, सहायक विकासखंड प्रबंधक हरनाम सिंह मेवाडा, मनोहर मालवीय आर बी बिजावत, भरत मेवाड़ा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीहोर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान करने के लिए शपथ ली गई एवं जागरूकता रैली निकाली गई साथ अन्य कार्यक्रम के तहत आमजनों को लोकसभा चुनाव में स्वयं मतदान करें और अपने परिवार आसपास पड़ोसियों को मतदान करने के लिए जागरूक करने एवं अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकसभा निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान कर सके।

## किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष के पिता दिलीप मेहता का हुआ निधन, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्वर्गीय घेवरमलजी मेहता के सुपुत्र, पुखराजमल, मुकेश कुमार के बड़े भाई किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष शैलेन्द्र शैलू मेहता के पूज्य पिताजी सुमित, यश के बड़े पापा और अथर्व, दीयांश के दादा दिलीप कुमार मेहता का दुखद निधन 5 मई रविवार को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास नजर गंज गांधी चौक आष्टा से मुक्तिधाम ले जाई गई। जहां उनके सुपुत्र शैलेन्द्र मेहता ने मुखाग्नि दी। दिलीप कुमार मेहता के आकस्मिक निधन पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी,विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, श्वेतांबर जैन श्रीसंघ के वरिष्ठ नंदकिशोर बोहरा, प्रसन्न कुमार बनवट, पारसमल सिंघवी, नगीनचंद जैन,पवन सुराणा, सुरेशचंद्र धाडीवाल, लोकेंद्र बनवट, भविष्य सुराणा , नगर भाजपा अध्यक्ष अतुल शर्मा, सुरेश पालीवाल, महेंद्र चतरमुथा,राजा पारख, आनंद रांका, प्रकाश छाजेड़, विनय देशलहरा, विनीत छाजेड़ आदि ने शौक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।